उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया निजी कॉलेजों का निरीक्षण

# निजी इंजीनियरिंग-लॉ कॉलेजों में ब्लूटूथ से नकल करते पकड़े

देहरादून, मुख्य संवाददाता। कानून की पढ़ाई कर रहे छात्र परीक्षा के दौरान मोबाइल, स्मार्ट वॉच और ब्लूटूथ की मदद से नकल करते पकड़े गए। इसमें इंजीनियरिंग के छात्र भी शामिल थे। रुड़की और हरिद्वार के पांच कॉलेजों में शनिवार को ऐसे आठ छात्रों पर कार्रवाई की गई।

उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) के-कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने शनिवार को रुड़की और हरिद्वार का दौरा किया। कुलपति ने बताया कि उन्होंने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में यहां विभिन्न लॉ, फार्मेसी और इंजीनियरिंग कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया। इन सभी कॉलेजों में परीक्षाएं चल रही थीं। इस दौरान बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज, बीएसआई इंजीनियरिंग कॉलेज और चमनलाल लॉ कॉलेज में एक-एक, आरसीपी कॉलेज में दो और अमृत लॉ कॉलेज में तीन छात्रों को नकल करते हुए पकड़ा गया।

**04** मोबाइल, एक स्मार्ट वॉच और छह ब्लूटूथ भी पर्यवेक्षकों ने जब्त किए

- रुड़की और हरिद्वार के पांच कॉलेजों में आठ छात्रों को नकल करते पकड़ा

**02** शहरों के उच्च शिक्षण संस्थानों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, कुलपति ने नकल के मामले में सख्त रुख अपनाया

## सीसीटीवी की वीडियो रिकॉर्डिंग तलब

यूटीयू के कुलपति ने बताया कि शैक्षिक गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इस तरह के निरीक्षण लगातार होंगे। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक से इन कॉलेजों में आज तक हुई परीक्षाओं की सीसीटीवी की वीडियो रिकॉर्डिंग की रिपोर्ट भी तलब की। कुलपति के अनुसार, उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, आईटीआर कॉलेज, फॉनिक्स इंजीनियरिंग, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रुड़की, अरिहंत लॉ कॉलेज का भी निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई।

## उच्च शिक्षण संस्थानों को कड़ी हिदायत

आठ नकलचियों में एक छात्रा भी शामिल है। कुछ छात्रों के पास नकल के पर्चे भी थे। फ्लाइंग टीम ने इन आरोपियों से चार मोबाइल, एक स्मार्ट वॉच और छह ब्लूटूथ जब्त किए। इसके साथ ही, इन संस्थानों को भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी गई।